## 30 नवम्बर को गीडा दिवस पर मुख्यमंत्री योगी देंगे 209 करोड़ रुपये की सौगात

# गीडा में होगा 1068 करोड़ का निवेश, सीएम देंगे आवंटन पत्र

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गीडा का स्थापना दिवस 30 नवम्बर मनाया जाएगा। इस दौरान 30 नवम्बर और एक दिसम्बर को स्थानीय और प्रदेश के अन्य जिलों के उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगेगी। स्थापना दिवस के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1068 करोड़ का निवेश करने वाले उद्यमियों को आवंटन पत्र प्रदान करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री 209 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं की सौगात देंगे।

कमिश्नर अनिल ढींगरा ने गीडा सीईओ अनुज मलिक और उद्यमियों की मौजूदगी में गुरुवार को अधिकारियों के साथ स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा की। गीडा में 45 उद्यमियों ने 1068 करोड़ का निवेश प्रस्ताव दिया है। सभी उद्यमियों को जमीन का आवंटन पत्र मुख्यमंत्री योगी देंगे। मुख्यमंत्री कोका कोला, बिसलेरी और डिस्टलरी प्लांट के निवेशक समेत 45 उद्यमियों को जमीन का आवंटन पत्र देंगे। कोका कोला को पेप्सिको के ठीक बगल में 17 एकड़ जमीन में 350 करोड़ रुपये के लागत से बाटलिंग प्लांट लगाएगा। कंपनी 500 से अधिक युवाओं को रोजगार मुहैया कराएगी। इसी के साथ ही अदाणी ग्रुप की सीमेंट कंपनी को भी आवंटन पत्र दिया जा सकता है।

देश की प्रतिष्ठित डिस्टलरी कंपनी यहां 5 एकड़ एरिया में 50 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। मिनरल वाटर के क्षेत्र में देश की प्रतिष्ठित बिसलेरी कंपनी भी प्लास्टिक पार्क में 7 एकड़ जमीन में करीब 70 करोड़ रुपये के निवेश से नई यूनिट स्थापित करेगी। जिसमें 250 से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। साथ ही मुख्यमंत्री 300 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित हो रही दर्जन भर यूनिटों का शिलान्यास भी करेंगे।

**प्लास्टिक पार्क से लेकर अन्य सेक्टरों में चल रहा है काम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 नवम्बर को गीडा में सड़क, नाला और बिजली की 209 करोड़ की विकास योजनाओं की सौगात देंगे। यह विकास कार्य प्लास्टिक पार्क से लेकर विभिन्न सेक्टरों में कराया जा रहा है।

**45** उद्यमियों ने दिया है निवेश का प्रस्ताव गीडा में

**05** एकड़ एरिया में स्थापित होगी डिस्टिलरी की यूनिट

गुरुवार को मंडलाआयुक्त सभागार में उद्योग बंधुओं के साथ बैठक करते कमिश्नर अनिल ढींगरा। इस दौरान अन्य अफसर भी मौजूद रहे।

### दो दिन लगेगी प्रदर्शनी, लगेंगे 150 स्टॉल

गीडा दिवस को लेकर 30 नवम्बर और एक दिसम्बर को प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। जिसमें 150 स्टॉल लगेंगे। जिसमें 100 स्टॉल स्थानीय उत्पादों का होगा। वहीं 50 स्टॉल प्रदेश के अन्य जिलों के होंगे। जिसमें ओडीओपी उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी स्टॉल एक ही पंडाल में लगाए जाएंगे। इस प्रदर्शनी में बैंक, इन्वेस्ट यूपी, बैंक के साथ पुलिस विभाग का भी स्टाल लगेगा। 30 नवम्बर को बायर सेलर मीट का आयोजन किया जाएगा।

## गीडा खुद ही करेगा सीईटीपी का निर्माण

गोरखपुर। कमिश्नर अनिल ढींगरा ने गुरुवार को आयोजित उद्योग बंधु की बैठक में गीडा दिवस के साथ ही उद्यमियों की समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में गीडा सीईओ ने बताया कि प्रदूषण से बचाव को लेकर सीईटीपी खुद गीडा बनाएगा। चार एमएलडी के सीईटीपी के लिए निजी फर्म द्वारा डीपीआर तैयार की जा रही है।

मण्डलायुक्त ने विभाग द्वारा संचालित वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी वित्त पोषण योजना आदि की प्रगति की समीक्षा की। निर्देश दिया कि शासकीय योजनाओ में स्वीकृत आवेदन पत्रों के सापेक्ष वितरण समयबद्ध ढंग से करें।

अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में मण्डल में कुल 543 लक्ष्य के सापेक्ष 819 आवेदन बैंको को भेजे गए हैं। वहीं ओडीओपी में 103 के सापेक्ष 193 आवेदन बैंको को को भेजा गया है। निवेश मित्र पोर्टल पर गोरखपुर के कुल 13 मामले लम्बित है। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष आरएन सिंह ने बिजली की समस्या को रखा। लघु उद्योग भारती के मण्डल अध्यक्ष दीपक कारीवाल ने उपविधि की जानकारी दी।